साप्ताहिक
# युवा प्रदेश
Freedom Of Speech
RNI. NO. MPHIN/2015/76299
संपादक-नागेश नरवरिया
YP24 NEWS
जिले एवं तहसीलों में संवाददाता नियुक्त करना है संपर्क करें...
संपर्क करे- 9425156055
वर्ष-10 अंक-20 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 26 जून 2026 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ-08 मूल्य 2 रूपये

## MV Act,1988- बिना बीमा वाहन चलाने पर सिर्फ चालान बनता है या जेल भी होती है, जानिए

### Motor vehicle act 1988 section 146 in Hindi



लेखक एडवोकेट बी. आर. अहिरवार (विधिक सलाहकार नर्मदापुरम) 9827737665

मोटर यान अधिनियम, 1988 की धारा 146 के अनुसार प्रत्येक मोटर यान चालक और उसका कोई अन्य सहायक कर्मी को भी तब तक मोटर वाहन का उपयोग नहीं करेगा जब तक उसने कोई बीमा पॉलिसी प्राप्त नहीं कर ली है।

### मोटर यान अधिनियम, 1988 की धारा 196 की परिभाषाः-

कोई व्यक्ति जो धारा 146 का उल्लंघन करता है अर्थात बिना बीमा पॉलिसी करवाए वाहन चलाता है या चलवाता है या बीमा नहीं करवाता है तब ऐसे व्यक्ति को तीन माह की कारावास या दो हजार रुपए जुर्माना या दोनों से दण्डित किया जा सकता है। यही अपराध वह दोबारा या बार-बार करता है तब तीन माह की कारावास या चार हजार रुपये जुर्माना या दोनो से दण्डित किया जा सकता है।

### किन वाहनों को चलाने पर बीमा पॉलिसी लागू नहीं होती है जानिएः

1. केंद्रीय सरकार या राज्य सरकार यदि वाहन का उपयोग किसी वाणिज्यिक उद्यम से संबद्ध प्रयोजनों के लिए किया जा रहा है।
2. किसी स्थानीय प्राधिकरण द्वारा।
3. किसी राज्य परिवहन प्राधिकरण द्वारा या किसी समुचित सरकार के आदेश पर वहन किया जा रहा है।

# कृषक कल्याण वर्ष में अगली छमाही में 6 लाख हैक्टेयर क्षेत्र में बढ़ेंगी सिंचाई सुविधाएं : सीएम

## स्लीमानाबाद टनल का शीघ्र होगा उद्घाटन, केन-मंदाकिनी लिंक अंतर प्रांतीय

**भोपाल।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कृषक कल्याण वर्ष में सिंचाई सुविधाओं के विस्तार को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए हैं। इस वर्ष 13 जिलों में जिन सिंचाई परियोजनाओं के कार्य पूर्ण हो गए हैं, उनके लोकार्पण की तैयारी कर ली गई है। आगामी 6 माह में लगभग 6 लाख हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं में वृद्धि करने वाली इन परियोजनाओं का लोकार्पण होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में गुरूवार को मंत्रालय में हुई जल संसाधन और नर्मदा घाटी विकास विभागों के कार्यों की समीक्षा बैठक में जानकारी दी गई कि कृषक कल्याण वर्ष में अनेक सिंचाई परियोजनाओं के लोकार्पण होंगे। इनमें बड़वानी, सीहोर, शाजापुर, देवास, झाबुआ, धार, खण्डवा, खरगोन, आलीराजपुर, राजगढ़, जबलपुर, कटनी और मण्डला जिलों की सिंचाई परियोजनाएं शामिल हैं। बैठक में सिंहस्थ से जुड़ी 3 परियोजनाओं के कार्यों की प्रगति की समीक्षा भी की गई।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नर्मदा घाटी विकास और जल संसाधन विभाग के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय श्री नीरज मंडलोई, अपर मुख्य सचिव जल संसाधन विभाग और नर्मदा घाटी विकास विभाग डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव वित्त श्री मनीष रस्तोगी सहित संबंधित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।




### केन-मंदाकिनी लिंक अंतर प्रांतीय परियोजना का प्रस्ताव भारत सरकार को प्रेषित

बैठक में जानकारी दी गई कि केन-मंदाकिनी लिंक अन्तर्राज्यीय सिंचाई परियोजना का प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा गया है। इस परियोजना से 93 हजार 310 हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई क्षमता का विकास होगा और 15.8 मेगावाट विद्युत उत्पादन किया जा सकेगा। परियोजना में 20 किलोमीटर लंबाई की टनल भी बनाई जाएगी। परियोजना की लागत 8400 करोड़ रुपए से अधिक होगी।

### सिंचाई क्षेत्र में उल्लेखनीय वृद्धि

प्रदेश में सिंचित रकबा निरंतर बढ़ रहा है। मध्यप्रदेश में निर्मित और निर्माणाधीन परियोजनाओं से निकट भविष्य में मिलने वाले लाभ को जोड़ें तो प्रदेश में सिंचित क्षेत्र 95. 45 लाख हैक्टेयर हो जाएगा। इसके अलावा अन्य स्वीकृति प्राप्त परियोजनाओं को समाहित करें तो यह आंकड़ा 108 लाख हैक्टेयर होगा। कार्यों को तेजी से पूरा किए जाने के फलस्वरूप सिंचाई क्षेत्र का निरंतर विस्तार हो रहा है। गत ढाई वर्ष में लगभग 10 लाख हैक्टेयर सिंचाई क्षेत्र में वृद्धि हुई है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नर्मदा की अमृत धारा को सोन नदी से जोड़ने वाली महत्वपूर्ण स्लीमानाबाद टनल के उद्घाटन के लिए आवश्यक तैयारी के निर्देश दिए। बरगी व्यपवर्तन परियोजना के अंतर्गत जबलपुर स्थित बरगी बांध से निकलने वाली यह ट्रांस-वैली केनाल प्रदेश की सबसे ज्यादा 227 क्यूमेक डिस्चार्ज केअरिंग कैपेसिटी वाली नहर के माध्यम से जबलपुर, कटनी, सतना, मैहर, रीवा और पन्ना के लगभग डेढ़ हजार गांव की करीब ढाई लाख हैक्टेयर भूमि को सिंचाई का वरदान प्राप्त होगा।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने किया चीता कमांड कंट्रोल सेंटर का भ्रमण, चीता प्रदर्शनी भी देखी

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्यप्रदेश**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु अपने दो दिवसीय प्रवास पर श्योपुर जिले के कूनो नेशनल पार्क पहुंचीं। राज्यपाल मंगुभाई पटेल भी साथ रहे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कूनो नेशनल उद्यान के दो दिवसीय प्रवास के दौरान रविवार को चीता कमांड एवं कंट्रोल सेंटर का अवलोकन किया। चीता कमांड एवं कण्ट्रोल सेंटर के अवलोकन के दौरान राष्ट्रपति मुर्मु को चीतों कि निगरानी और ट्रैकिंग की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी प्रदान की गयी। राष्ट्रपति ने चीता कमांड एवं कंट्रोल सेंटर परिसर में चीता प्रोजेक्ट की अभी तक की प्रगति पर लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। राष्ट्रपति मुर्मु को अवगत कराया गया कि वर्तमान में भारत में चीतों की संख्या 52 है, जिनमें से 49 चीते कूनो में मौजूद है, तीन चीते



गाँधी सागर अभयारण्य मंदसौर भेजे गए है। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु द्वारा इस दौरान चीतों के लिए की गई आवश्यक सुविधाओं के विषय में जानकारी ली गई। बताया गया कि हर 2 किलोमीटर पर जंगल में वाटर पिट बनाये गए हैं जिनमें अवश्यकता अनुसार पानी भरवाया जाता है। इस दौरान उन्हें बोत्सवाना से लाये गए चीतों की गतिविधियों की भी जानकारी दी गयी।राष्ट्रपति मुर्मु द्वारा अपनी बोत्सवाना यात्रा के दौरान 8 चीते रिसीव किये गए थे जिन्हें कुनो लाया गया है।

# दिव्यांग बच्चों से दुर्व्यवहार करने वालों को क्या सजा दी जाती है जानिए - JJ Act, 2015



लेखक एडवोकेट बी. आर. अहिरवार (विधिक सलाहकार नर्मदापुरम) 9827737665

किशोर न्याय (बालकों की देख-रेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015 किशोरी बालक के सम्पूर्ण संरक्षण करने के लिए बनाया गया एक महत्वपूर्ण अधिनियम हैं जिसमे सभी प्रकार के बालकों की सुरक्षा एवं संरक्षण किया जाता है, अगर कोई बालक निःशक्त हैं और किसी भी प्रकार का अत्याचार उस पर किया जाता है तब अत्याचार करने वाले व्यक्ति को क्या दण्ड का प्रावधान होगा जानिए। किशोर न्याय( बालकों की देख रेख एवं संरक्षण) अधिनियम,2015 की धारा 85 की परिभाषा ऐसा कोई किशोर बालक जो किसी डॉक्टर द्वारा या मेडिकल परीक्षण द्वारा निःशक्त प्रमाणित किया हो, तब ऐसे बालक को कोई शारीरिक दण्ड देगा, भीख मंगवाएगा, नशीले पदार्थ का सेवन कराएगा, शराब की दुकान या बियर-बार में काम करवाएगा, शोषण करेगा आदि तब ऐसे व्यक्ति को धार 85 के अंतर्गत दोषी ठहराया जाएगा।

दण्ड का प्रावधान:- यह अपराध पूर्ण तरह संज्ञेय एवं अजमानतीय अपराध हैं, इस अपराध की सुनवाई प्रथम श्रेणी के न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा की जाती है। सजा इस अपराध के लिए सामान्य बालक पर अत्याचार करने पर जो दण्ड का प्रावधान हैं उसके दण्ड से दुगना दण्ड दिया जाएगा। ÷अर्थात बाल कर्मचारी के शोषण करने पर पांच वर्ष की कारावास एवं एक लाख रुपए के जुर्माने से दण्डित किया जाता है अगर यही अपराध निःशक्त बाल कर्मचारी के साथ किया जाए तो अधिकतम दस वर्ष की कारावास और दो लाख रुपए का दंड का प्रावधान होगा

# भोपाल संभाग के विभिन्न जिलों में प्राचीन पांडुलिपियों के संरक्षण के लिए चलेगा विशेष अभियान

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्यप्रदेश**




भोपाल संभाग के विभिन्न जिलों में प्राचीन पांडुलिपियों के संरक्षण के लिए विशेष अभियान चलेगा। संभागायुक्त भोपाल कर्मवीर शर्मा ने इस संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भोपाल संभाग के सभी जिला कलेक्टर्स और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने बैठक में आगामी मोहर्रम त्यौहार के संदर्भ में कानून व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि जिला स्तर से लेकर थाना स्तर तक शांति समितियों की बैठक अनिवार्य रूप से की जाए तथा संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जाए। उन्होंने सभी संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने के निर्देश भी दिए। संभागायुक्त ने संभाग में पांडुलिपियों की खोज और उनके डिजिटाइजेशन के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के ज्ञान भारत प्रोजेक्ट के तहत सभी पांडुलिपियों को डिजिटल स्वरूप प्रदान किया जाना है, ताकि इनका संरक्षण हो सके और हमारी ज्ञान परंपरा आने वाली पीढ़ियों तक विस्तारित बनी रहे। बैठक में सभी कलेक्टरो को निर्देश दिए कि आगामी बोनी सीजन के पूर्व बीजों की उपलब्धता सुनिश्चित कर ली जाए। खाद्य वितरण के लिए ई-विकास टोकन प्रणाली के तहत किसानों के रजिस्ट्रेशन कराये जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन के प्रति गंभीर रहें। लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत समय-सीमा में प्रकरणों के निराकरण की कार्रवाई की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन शहरों में पीएनजी पहुँच गई हैं वहाँ उपभोक्ताओं को यह जरूर अवगत कराया जाये कि उन्हें पाइप लाइन आधारित गैस पर शिफ्ट होना है। भारत सरकार के महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट के लिए भू-अर्जन की समीक्षा भी की और सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि वे सभी भू-अर्जन की कार्रवाई समय-सीमा में पूर्ण करें। विभिन्न विभागों की योजनाओं, विकास कार्यों एवं प्रशासनिक विषयों की विस्तृत समीक्षा की गई। संभाग आयुक्त श्री शर्मा ने भोपाल संभाग के सभी जिलों द्वारा किए जा रहे नवाचारों की जानकारी लेते हुए कहा कि प्रत्येक जिले द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों एवं नवाचारों का तथ्यात्मक एवं प्रभावी प्रस्तुतीकरण तैयार किया जाए।उन्होंने रात्रि चौपाल पर जोर दिया। समीक्षा करते हुए आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण पर बल दिया गया। संभाग स्तर पर प्रस्तावित समीक्षा के लिए सभी जिलों को अद्यतन एवं सटीक आंकड़ों सहित प्रस्तुतीकरण तैयार करने को कहा गया। मोहर्रम पर्व के दृष्टिगत कानून-व्यवस्था की समीक्षा करते हुए संभागायुक्त ने संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने, थाना स्तर पर शांति समिति की बैठकें आयोजित करने तथा सभी संबंधित विभागों के मध्य समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए। पीएनजी कनेक्शन विस्तार की प्रगति की समीक्षा की गई तथा आवश्यक अनुमतियों के प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत किए जा रहे कार्यों के प्रतिवेदन एवं प्रगति रिपोर्ट समय पर प्रेषित करने पर भी विशेष बल दिया गया।खनिज संबंधी विषयों पर चर्चा करते हुए कहा कि जिलों में अवैध उत्खनन पर प्रभावी रोक लगाई जाए। बैठक में संबल योजना,मुख्यमंत्री प्रगति कार्यक्रम के प्रकरणों, मोबाइल टावर स्थापना संबंधी अनुमतियों, भू-अर्जन प्रकरणों सहित अन्य महत्वपूर्ण प्रशासनिक विषयों की भी समीक्षा की गई तथा सभी विभागों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर विदिशा अंशुल गुप्ता ने बताया कि जिले में अति महत्व के प्राचीन ग्रंथ मिले हैं। जिनमें 300 साल पूर्व के धार्मिक ग्रंथ भी है। जिले में 900 पांडुलिपियों को डिजिटल बनाया चुका है।

# अवैध भंडारण में खनिज विभाग की कार्यवाही 25 से 30 ट्रैक्टर रेत जप्त, रेत माफिया हुआ फरार

**कुमार अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ अनूपपुर उमरिया**



जिले के बिरसिंहपुर पाली थाना अंर्तगत घुनघुटी रेलवे स्टेशन के समीप लगभग 25 -30 टेक्टर टाली रेत जिसका अवैध भंडारण किया गया था, को पकड़ने में खनिज विभाग को महती सफलता अर्जित की है। बताया जाता है कि घुनघुटी रेलवे स्टेशन से सटी रेलवे की भूमि पर रेत के अवैध भंडारण की जानकारी मिलने पर खनिज विभाग का अमले ने त्वरित कार्यवाही करते हुए रेत को अपने कब्जे में ले लिया है। इस कार्यवाही को अंजाम देने के लिए खनिज विभाग ने स्थानीय पुलिस और वन महकमा को भी अपने साथ ले रखा था। खनिज विभाग ने अवैध रेत को अपने कब्जे में लेते हुए इसे वहाँ से उठाकर वन विभाग के सुर्पुद कर दिया है। इस समय घुनघुटी में रेत माफिया के हौसले बुलंद है और रात दिन एक कर रेत के अवैध कारोबार को अंजाम देते देखें जाते हैं। रेत के इस कारोबार बढाने में स्थानीय पुलिस प्रशासन का हाथ बताया जाता है। घुनघुटी पुलिस चौकी में पदस्थ कई कर्मचारी रेत चोरी कराने का ठेका ले रखें है। बिना स्थानीय प्रशासन के मिलीभगत के इस पैमाने पर रेत का भंडारण किया जाना संभव नहीं है। बताया जाता है कि घुनघुटी में कई छत्रप रेत के अवैध कारोबार में संलिप्त है जो घुनघुटी के आसपास के नालो से रेत निकालने के काम में जुटे हुए हैं, और गहिरा नाला, झरिया नाले को पाताल में पहुचाने में सफल हो गयें है। रेत माफिया की गेंग चलती है और पुलिस प्रशासन को अपने पक्ष में करके शासन को हर दिन लाखों रूपये की क्षति पहुचाते हुये इस काम को अंजाम देते आ रहें हैं। रेलवे परिसर में अवैध रेत का भंडारण जो की वन चौकी से भी लगी हुई है, यह भंडारण अपने साथ कई सवाल खड़े करते हुए स्थानीय पुलिस, वन और रेलवे को कटघरे में खड़ा करता है। आखिर कार रेलवे स्टेशन के सटी भूमि पर उसके परिसर में अवैध भंडारण का घिनौना कृत्य बिना उनकी मिलीभगत के कैसे संभव हो गया। कहा तो यह भी जाता है इस अवैध भंडारण में क्षेत्र का कुख्यात अपराधी जो आये दिन जेल की सैर करते रहते हैं के हाथ होने से लोग सामने आने से बच रहे हैं।

खनिज विभाग का छोटा सा विभाग है जो पूरे जिले भर में व्यस्त रहता है उसकी इस व्यस्तता का लाभ उठाते हुए घुनघुटी जैसे क्षेत्र में अवैध रेत भंडारण का करते हुए दिन दुगुना रात चौगुनी चांदी काट रहे है

# सोशल मीडिया की दोस्ती पड़ी भारी-बिजुरी पुलिस ने लापता नाबालिग को जबलपुर से छुड़ाया, आरोपी युवक गिरफ्तार

**कुमार अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ अनूपपुर**



सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म %इंस्टाग्राम% पर हुई दोस्ती के झांसे में आकर लापता हुई एक 16 वर्षीय नाबालिग बालिका को बिजुरी पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए जबलपुर से सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस ने मौके से बहला-फुसलाकर ले जाने वाले आरोपी युवक को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना हो रही है।

### 12 जून की रात से लापता थी नाबालिग

प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना बिजुरी क्षेत्र के एक फरियादी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री बीती 12 जून की रात को घर से बिना बताए कहीं चली गई है। परिजनों को आशंका थी कि कोई अज्ञात व्यक्ति उसे बहला-फुसलाकर ले गया है। शिकायत पर पुलिस ने तत्काल अपराध क्र. 210/2026, धारा 137(2) बीएनएस (क्हर) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

### सायबर सेल की मदद से जबलपुर में मिली लोकेशन

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अनूपपुर विक्रांत मुराब के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम एवं एसडीओपी कोतमा आरती शाक्य के मार्गदर्शन में एक विशेष टीम का गठन किया गया।विवेचना के दौरान यह चौंकाने वाला तथ्य सामने आया कि नाबालिग लड़की इंस्टाग्राम पर एक युवक के संपर्क में थी और उसी के बहकावे में आकर घर से निकली थी। इसके बाद बिजुरी पुलिस ने सायबर सेल की मदद ली। मोबाइल टावर लोकेशन और तकनीकी साक्ष्यों का गहन विश्लेषण करने के बाद पुलिस टीम ने जबलपुर के बेलखेड़ा में दबिश दी। वहां से नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब कर लिया गया और मौके से आरोपी प्रदीप महरा निवासी दमोह को हिरासत में ले लिया गया। आवश्यक औपचारिकताओं के बाद बालिका को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। अभिभावकों से अनूपपुर पुलिस की विशेष अपील

इस घटना के परिप्रेक्ष्य में अनूपपुर पुलिस ने आम जनता और विशेषकर माता-पिता से अपील की है कि

अपने बच्चों की सुरक्षा के प्रति पूरी तरह सतर्क रहें।

बच्चों के सोशल मीडिया अकाउंट्स (जैसे इंस्टाग्राम, फेसबुक आदि) की गतिविधियों पर निरंतर नजर रखें।

बच्चों को जागरूक करें कि वे डिजिटल दुनिया में अनजान और अपरिचित लोगों से दोस्ती न करें।

किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या बदलाव दिखने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें।

### इनकी रही सराहनीय भूमिका

इस संवेदनशील मामले को सुलझाने और त्वरित कार्रवाई करने में बिजुरी थाना प्रभारी निरीक्षक विकास सिंह, सउनि प्रदीप अग्निहोत्री, आरक्षक मनोज उपाध्याय, महिला आरक्षक संगम तोमर तथा सायबर सेल से प्रधान आरक्षक राजेन्द्र अहिरवार एवं आरक्षक पंकज मिश्रा की उल्लेखनीय और सराहनीय भूमिका रही।

# विश्राम घाट पर ही मृत्यु पंजीयन की व्यवस्था हो मुख्यमंत्री ने की योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग की समीक्षा

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्यप्रदेश**




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त पर जिला मुख्यालयों पर होने वाले कार्यक्रमों में जिलों के प्रभारी मंत्री, जिलों में हुए विकास कार्यों और कल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियों से जुड़ी विस्तृत जानकारी प्रस्तुत करेंगे। समारोह स्थल पर विकास कार्यों और योजनाओं को जनसामन्य के सामने रखने के लिए प्रदर्शनियां भी लगाई जाएंगी, यह प्रस्तुतिकरण एक तरह से विकास कार्यों के सोशल ऑडिट जैसा होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जिला विकास समितियों का राजधानी भोपाल में सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। जिला विकास समितियां विकास गतिविधियों के लिए शासकीय नियोजन में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। निजी निवेश को भी प्रोत्साहित करने के लिए जिला विकास समितियां प्रयास करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत सार्वजनिक स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने और किफायती आवासों के निर्माण में ईको फ्रेंडली भवन निर्माण सामग्री के इस्तेमाल को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। उन्होंने राज्य के विभागवार, संभागवार और जिलावार समस्त सांख्यिकी आंकड़े एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंत्रालय में योजना, आर्थिक एवं साख्यिकी विभाग की समीक्षा कर रहे थे। मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र में सभी विभागों की गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया जाए। इस योजना के अंतर्गत कराए गए कार्यों के संधारण की भी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस योजना में श्रेष्ठ कार्य तथा नवाचार करने वालों को प्रोत्साहित करने की भी व्यवस्था हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश जन्म और मृत्यु पंजीकरण की व्यवस्था की समीक्षा के दौरान मृत्यु पंजीयन के लिए विश्राम घाट पर ही पंजीयन की प्रक्रिया शुरू करने की व्यवस्था के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। इससे विशेष रूप से ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्र के लोगों को मृत्यु प्रमाण-पत्र प्राप्त करने में आसानी होगी। जिलों के विकास सूचकांक स्थानीय परिस्थितियों और आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर अलग-अलग निर्धारित किया जाए। औद्योगिक पृष्ठ भूमि, कृषि आधारित व्यवस्था, वन क्षेत्र संपन्न जिलों के लिए विकास के सूचकांक अलग-अलग हों। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने, ग्रामीण क्षेत्र में स्वयं का मकान बनाने वालों को तकनीकी मार्गदर्शन उपलब्ध कराने और उपयुक्त भवन निर्माण सामग्री के संबंध में जागरूक करने के लिए भी जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।जल गंगा संवर्धन अभियान में प्रस्फुटन और नवाकुंर समितियों ने कुएँ, बावड़ी, तालाब, नदी घाट सफाई, जल संगोष्ठी और बावड़ी उत्सव जैसे आयोजनों में सक्रिय सहभागिता की। बैठक में बताया गया कि विमुक्त, घुमंतु और अर्द्धघुमंतु परिवारों के चिन्हाकंन और पंजीकरण के लिए जारी अभियान में अब तक पच्चीस हजार से अधिक परिवारों की जानकारी पोर्टल पर प्रविष्ट की जा चुकी है। प्रदेश में मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत अधिकारियों-कर्मचारियों के प्रशिक्षण की प्रक्रिया भी जारी है।

# राष्ट्रीय युवा संसद में मध्यप्रदेश का परचम विवेक भास्कर समेत यशस्वी ने राष्ट्रीय पर बढाया मान - बधाईयों का लगा ताता

**हल्केवीर सूर्यवंशी संभागीय संवाददाता**







निवाडी ट्ठ सम्पूर्ण भारत के विभिन्न राज्यों के प्रखर चयनित वक्ताओं ने राष्ट्रीय युवा संसद देहरादून मे सहभागिता की जिसमें मध्यप्रदेश राज्य का प्रतिनिधित्व चर्चित युवा विवेक भास्कर समेत खंडवा निवासी यशस्वी सिंह परिहार ने संयुक्त भूमिका मे अपने उत्कृष्ट नेतृत्व, प्रभावशाली वक्तृत्व और संसदीय कौशल से प्रदेश का गौरव बढ़ाया है ।

बता दे कि देहरादून में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय युवा संसद में दोनों युवा प्रतिनिधियों ने मध्यप्रदेश का संयुक्त रूप से नेतृत्व करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा की प्रभावशाली के आधार पर विशेष उपलब्धि हासिल की है भारत सयकार के माय भारत, यंग थिंकर्स और दून विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस राष्ट्रीय कार्यक्रम में देशभर के प्रतिभाशाली युवाओं ने भाग लिया। आयोजन का उद्देश्य युवाओं को लोकतांत्रिक व्यवस्था, संसदीय कार्यप्रणाली और नेतृत्व क्षमता से परिचित कराना था। इसी मंच पर मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए विवेक भास्कर और सुश्री यशस्वी सिंह परिहार ने संसदीय परंपराओं के अनुरूप विपक्ष की भूमिका को प्रभावी ढंग से निभाया तथा आखिरी दिन अविश्वास प्रस्ताव लाकर सरकार गिरा दी । बता दे निवाडी जिले के प्रखर वक्ता और यूथ आइडल के रूप में पहचान बना चुके विवेक भास्कर ने अपनी ओजस्वी वाणी, तार्किक प्रस्तुति और विषयों पर मजबूत पकड़ के बल पर सदन में प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराई उनकी वक्तृत्व क्षमता और नेतृत्व शैली के कारण उन्हें पूर्व में भी राष्ट्रीय एवं कई राज्य स्तरीय सम्मानों से सम्मानित किया जा चुका है। वहीं खंडवा निवासी सुश्री यशस्वी सिंह परिहार ने भी राष्ट्रीय मंच पर मध्यप्रदेश का गौरव बढ़ाते हुए अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इससे पूर्व भी वे राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के विभिन्न मंचों पर नेतृत्व कर चुकी हैं उनकी आत्मविश्वासपूर्ण अभिव्यक्ति, संसदीय समझ और प्रभावी तर्क शैली ने सदन में सभी का ध्यान आकर्षित किया। राष्ट्रीय युवा संसद के दौरान सदन की कार्यवाही वास्तविक संसद की तर्ज पर संचालित की गई, जिसमें प्रश्नकाल, चर्चा, पक्ष-विपक्ष की भूमिका और प्रस्तावों की प्रक्रिया शामिल रही। इस दौरान विवेक भास्कर और सुश्री यशस्वी सिंह परिहार ने विपक्ष की ओर से लोकतांत्रिक मर्यादाओं का पालन करते हुए सरकार की नीतियों और विभिन्न विषयों पर गंभीर चर्चा की।

आयोजन के अंतिम दिन विपक्ष की ओर से सदन में अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। विवेक भास्कर और यशस्वी सिंह परिहार ने संयुक्त रूप से इस प्रस्ताव को मजबूती प्रदान करते हुए प्रभावशाली ढंग से अपनी बात रखी। संसदीय नियमों के अनुसार हुई बहस के बाद अविश्वास प्रस्ताव पारित हुआ और सदन में सरकार गिर गई। इस पूरी प्रक्रिया में दोनों युवा नेताओं के नेतृत्व, रणनीति और वक्तृत्व कौशल की विशेष सराहना की गई मध्यप्रदेश के लिए यह उपलब्धि इसलिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि राष्ट्रीय युवा संसद जैसे मंच पर प्रदेश के युवाओं ने अपनी क्षमता और नेतृत्व कौशल का शानदार प्रदर्शन किया है। विवेक भास्कर और सुश्री यशस्वी सिंह परिहार की यह सफलता आने वाली पीढ़ी के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी युवा प्रतिनिधियों की इस उपलब्धि पर क्षेत्रवासियों, शिक्षाविदों, युवाओं और शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे पूरे मध्यप्रदेश के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया है

# युवाओं ने पेश की मानवता की मिसाल - अजीत और रवि ने किया रक्तदान




**कैलाश कुमार अहिरवार - सह संपादक (युवा प्रदेश)**

शहडोल/अमझोर - क्षेत्र के जागरूक युवाओं ने एक बार फिर मानवता और सामाजिक सरोकार की अनूठी मिसाल पेश की है। कल स्थानीय स्तर पर अजीत सेन और रवि पनिका द्वारा निस्वार्थ भाव से रक्तदान किया गया। युवाओं के इस जीवनरक्षक कदम की क्षेत्र में जमकर सराहना हो रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित मानवता की सेवा के लिए हर 6 महीने में ये रक्तदान करते रहते हैं अजीत सेन और रवि पनिका ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। हमारे थोड़े से प्रयास से अगर किसी का जीवन बचता है, तो यह हमारे लिए अत्यंत सौभाग्य की बात है।

उन्होंने समाज के अन्य युवाओं से भी अपील की कि वे रक्तदान को लेकर फैली भ्रांतियों से दूर रहें और नियमित रूप से रक्तदान करने के लिए आगे आएं।

इस पुनीत कार्य पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्ध नागरिकों और मित्रों ने अजीत और रवि के इस जज्बे को सलाम करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। लोगों का कहना है कि ऐसे सजग युवा ही समाज की असली पूंजी हैं, जो संकट के समय अपरिचितों की मदद के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। ग्रुप संचालक अनुराग यादव (लैब टेक्नोलॉजिस्ट)के द्वारा रक्तदान महानदान ग्रुप संचालित किया जाता है जिसकी वजह से लगातार क्षेत्र के ग्रामीणों को इस ग्रुप का लाभ मिल रहा है जहां सभी सामुदायिक के लोग जुड़े हुए हैं और क्षेत्र के सभी वर्गों को लाभ भी मिल रहा है

# मध्य प्रदेश राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष की के साथ भोपाल संभाग की बैठक संभागायुक्त कार्यालय में संपन्न

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्यप्रदेश मध्य प्रदेश**



राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष जयभान सिंह पवैया की अध्क्षता में भोपाल संभाग की बैठक संभागायुक्त कार्यालय में संपन्न हुई है। बैठक में कहा कि गांवों और शहरी निकायों में वित्तीय संसाधनों के बेहतर बंटवारे के लिए व्यवहारिक नीतियां बनाई जा रही है। इसी दिशा में आज आयोग द्वारा जनप्रतिनिधियों और कलेक्टरों की बैठक आयोजित हुई है। सभी मिलकर गांवों की दशा सुधारें और संवारें। संभागायुक्त कर्मवीर शर्मा एवं भोपाल संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर्स, आयुक्त नगर निगम, जिला पंचायत सीईओ एवं सीएमओ उपस्थित थे।पवैया ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य वित्त आयोग एक संवैधानिक संस्था है, जिसका मुख्य कार्य राज्य सरकार एवं स्थानीय निकायों (पंचायतों और नगरीय निकायो) के बीच वित्तीय संसाधनों का बंटवारा करना होता है। बैठक में भोपाल संभाग के नगरीय निकायों एवं पंचायती राज संस्थाओं की वित्तीय स्थिति, पारदर्शिता, गुणवत्ता तथा आर्थिक स्वावलंबन के संबंध में संभागायुक्त, कलेक्टर्स एवं जिला पंचायत सीईओ के द्वारा जिले के वित्तीय, अनुदान की विस्तृत जानकारी दी गई। संभागायुक्त कर्मवीर शर्मा ने सुझाव दिया कि सभी जिलों के कलेक्टर्स एवं जिला पंचायत सीईओ अपने - अपने जिलों में सांस्कृतिक एवं पर्यटन स्थलों के जीर्णोद्धार एवं संरक्षण के प्रस्ताव तैयार कर प्रेषित करें। भोपाल कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने कहा कि शहर के विस्तार के साथ नगरीय निकाय की सीमावर्ती ऐसी ग्राम पंचायतें जिनका शहरीकरण हो गया है लेकिन टैक्स कलेक्शन का अधिकार ग्राम पंचायत के पास नहीं है। उन ग्राम पंचायतों के सेल्फ रिवेन्यू जनरेशन के लिए अलग व्यवस्था हो। भोपाल जिले में लगभग 36 गाम पंचायतों का शहरीकरण हुआ है इनकी सेल्फ रिवेन्यू जनरेशन के लिए अलग प्रावधान की आवश्यकता है। इसके साथ ही ग्राम पंचायतों में पर्यावरण, सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं आपदा प्रबंधन के लिए विशेष ग्रांट दी जाए। जिला पंचायत सीईओ भोपाल इला तिवारी ने बताया कि भोपाल जिले में टैक्स सखी इंनिसियेटिव के माध्यम से टैक्स कलेक्शन मॉडल प्रारंभ किया गया है। जिसकी देश भर में सराहना की गई है। भोपाल जिले में ग्राम पंचायतों में वर्ष 2025-26 में 5 करोड़ से अधिक का राजस्व प्राप्त किया है। ग्राम पंचातयों के टैक्स कलेक्शन योग्य एसेस्ट का जीआई टैगिंग का सुझाव दिया। सीहोर कलेक्टर बालागुरू के ने ग्राम पंचायतों के आर्थिक सुदृढ़ीकरण के लिए ग्राम पंचायतों में स्थानीय स्तर पर जमीन से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर, बिल्डिंग परमिशन एवं लोकल टैक्स कलेक्शन को बिजनेस मॉडल के रूप में तैयार करने का सुझाव दिया। कलेक्टर विदिशा अंशुल गुप्ता ने ग्राम पंचायतों में कम्युनिटी एसेस्ट, लायब्रेरी, गार्डन, गौशाला, पर्यावरण संरक्षण के लिए पुरानी बावड़ी एवं तालाबों के जीर्णोद्धार के लिए विशेष ग्रांट, धार्मिक स्थलों, मेले एवं धार्मिक आयोजनों के माध्यम से लोकल टैक्स कलेक्शन कर ग्राम पंचायतें वित्तीय रूप से सुदृढ़, पारदर्शी और आत्मनिर्भर बनाने का सुझाव दिया।कलेक्टर राजगढ़ डॉ. गिरीश मिश्रा ने ग्राम पंचायतों में सब अर्बन डवलपमेंट प्लानिंग पॉलिसी, लायब्रेरी, गार्डन, पुरानी बावडी तालाबों के संरक्षण, जंगलों में लगने वाली आग एवं अन्य प्राकृतिक आपदाओं के लिए विशेष फंड एवं फायर बिग्रेड कम्युनिटी एसेट्स के साथ बड़े धार्मिक आयोजनों एवं धार्मिक स्थलों, मेलों में आपदा प्रबंधन के लिए विशेष फंड की व्यवस्था ग्राम पंचायत स्तर पर करने का सुझाव दिया। बैठक में कलेक्टर रायसेन अरुण विश्वकर्मा ने नगरीय निकायों एवं पंचायती राज संस्थाओं को वित्तीय रूप से सुदृढ़, पारदर्शी और आत्मनिर्भर बनाने का सुझाव दिया। सीहोर नगर पालिका द्वारा संपूर्ण आय व्यय की प्रणाली ऑनलाइन किये जाने पर आयोग द्वारा सराहना की गई। बैठक में सभी अधिकारियों द्वारा ग्राम पंचायतों एवं निकायों के मूल दायित्वों, स्वच्छता, पेय-जल, विकास कार्यों की गुणवत्ता तथा स्वयं के राजस्व स्त्रोतों में वृद्धि के उपायों पर विचार विमर्श किया गया। इसके साथ ही नगरीय एवं पंचायत क्षेत्रों में संभावित नवाचारों पर भी चर्चा की गई।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एवं विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित पखवाड़े के अंतर्गत विविध जनजागरूकता एवं प्रशिक्षण गतिविधियों का आयोजन किया

**पत्रकार बीआर अहिरवार नर्मदापुरम।।**





शासकीय विधि महाविद्यालय नर्मदापुरम में प्राचार्य डॉ. कल्पना भारद्वाज के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एवं विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित पखवाड़े के अंतर्गत विविध जनजागरूकता एवं प्रशिक्षण गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों में स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण तथा सतत विकास के प्रति जागरूकता विकसित करना था। पखवाड़े के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विभिन्न कार्यशालाओं एवं गतिविधियों के माध्यम से स्वयंसेवकों को योगाभ्यास कराया गया तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। पर्यावरण संरक्षण संबंधी गतिविधियों के अंतर्गत बीज संग्रहण, बीजों का अंकुरण, सीड बॉल निर्माण, पौधारोपण, जल संरक्षण, मिट्टी परीक्षण तथा महाविद्यालय परिसर को प्लास्टिक मुक्त बनाए रखने हेतु जागरूकता अभियान चलाया गया। विद्यार्थियों ने इन गतिविधियों में सहभागिता करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित विशेष कार्यशाला में डॉ. हरि प्रकाश मिश्र ने शारीरिक एवं मानसिक विकास में योग की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने योग के विभिन्न प्रकारों एवं उनके लाभों की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को व्यावहारिक योगाभ्यास भी कराया। उन्होंने बताया कि नियमित योगाभ्यास तनाव प्रबंधन, एकाग्रता, आत्मविश्वास एवं समग्र स्वास्थ्य संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. महेंद्र कुमार पटेल के संयोजन में महाविद्यालय के प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक योगाभ्यास किया गया। कार्यक्रम ने स्वस्थ जीवनशैली, प्रकृति संरक्षण एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति विद्यार्थियों में सकारात्मक चेतना का संचार किया।

## खाई में गिरने से युवक व कार हादसे में नाबालिक की हुई मौत, पुलिस जांच में जुटी

**कुमार अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ अनुपपुर**





अनूपपुर कोतवाली थाना अनूपपुर व जैतहरी थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग घटनाओं में खाई से गिरने पर युवक की तथा कार दुर्घटना में नाबालिक की मौत की घटना पर पुलिस के द्वारा कार्यवाही की गई है। जिले के भालूमाड़ा थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरी के बड़ी मौहरी निवासी विनोद कुमार साहू के परिवार के सात सदस्य मां नर्मदा के दर्शन हेतु कार से अमरकंटक जाकर दर्शन करने बाद कार क्रमांक एपी 18 जेडसी 2522 से अपने घर वापस आ रहे थे, तभी किरर घाट में सिद्धबाबा के नीचे सामने की ओर से आ रही कार क्रमांक एमपी 51 सीए 6950 से दुर्घटना होने पर 10 वर्षीय नाबालिक बालक आयुष साहू पिता विनोद कुमार साहू को गंभीर चोट लगने पर मृत्यु हो गई, कार में सवार अन्य लोगों को चोटिल होने पर जिला चिकित्सालय अनूपपुर में उपचार हेतु लाया गया, पुलिस सहायता केंद्र जिला चिकित्सालय अनूपपुर में सदस्य प्रधान आरक्षक कमलेश प्रसाद द्वारा मृतक के शव का पंचनामा कर ड्यूटी चिकित्सक वीरेंद्र खेस से पीएम कराने बाद शव के अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को सौंपते हुए घटना की अग्रिम जांच हेतु कोतवाली थाना अनूपपुर को सूचित किया।

वही जैतहरी थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत बैहार के दुखवाटोला में 45 वर्षीय पचलू बैगा पिता ऐतू बैगा घर से कुछ दूर बुधना बैगा के खेत के पास जंगल के किनारे 60 फिट गहरे खाई में गिर जाने से मौत हो गई। घटना की सूचना पर थाना जैतहरी निरीक्षक अमर वर्मा एवं सहायक उप निरीक्षक संतोष पांडेय पुलिस दल के साथ घटना स्थल का निरीक्षण कर परिजनों एवं ग्रामीणो की मदद से मृतक के शव को खाई से निकालकर कार्यवाही करते हुए जैतहरी अस्पताल में ड्यूटी डॉक्टर से पीएम कराने बाद शव के कफन दफन हेतु परिजनों को सौंप कर जांच प्रारंभ की। ग्रामीणो एवं परिजनों ने बताया कि मृतक पचलू बैगा को कभी-कभी मिर्गी के बीमारी के कारण चक्कर आता था, संभावना व्यक्त की जा रही है कि मृतक दिशा मैदान या अन्य कार्य के लिए गांव के किनारे खाई के समीप देर रात गया होगा, जिससे अचानक ऊपर से खाई मे नीचे गिर जाने से अत्यधिक चोट लगने के कारण स्थल पर ही उसकी मौत हो गई

# एसएफआई का देशव्यापी आह्वान: बिहार सरकार के दमन के खिलाफ भोपाल में छात्रों का उग्र प्रदर्शन










भोपाल।

स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के अखिल भारतीय आह्वान पर आज भोपाल में छात्र समुदाय द्वारा एक विशाल विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया गया। यह प्रदर्शन बिहार की भाजपा सरकार द्वारा स्न्नद्ध बिहार की प्रदेश अध्यक्ष कांति कुमारी और उनके अन्य छात्र साथियों को दुर्भावनापूर्ण तरीके से जेल में बंद रखने के खिलाफ किया गया। प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने बिहार सरकार और उसकी दमनकारी नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और गिरफ्तार छात्र नेताओं की तुरंत बिना शर्त रिहाई की मांग की।

### विज्ञप्ति के मुख्य बिंदु:

छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकार और असहमति की आवाज को दबाने का प्रयास– स्न्नद्ध नेतृत्व ने कहा कि बिहार की भाजपा सरकार छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन कर रही है। छात्र हितों की आवाज उठाने के कारण कांति कुमारी और अन्य साथियों को दमनकारी ढंग से फंसाकर जेल भेजा गया है, जो पूरी तरह से निंदनीय है। छात्र डिग्री कॉलेज की मांग कर रहे थे जिसको लेकर एसडीएम ने उन्हें आश्वस्त किया था इसके बाद पॉलीटिकल प्रेशर के कारण कॉलेज को कहीं और हस्तांतरित कर दिया गया जिसके कारण छात्रों का गुस्सा फूटा और फिर से आंदोलन की शुरुआत की गई थी वहीं सरकार शिक्षा और रोजगार के मुद्दों से ध्यान भटकाने की साजिश– वहीं छात्र नेता दीपक पासवान ने आरोप लगाया कि सरकार अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए छात्र नेताओं को निशाना बना रही है। जब भी छात्र अपने हक, बेहतर शिक्षा और रोजगार के लिए आवाज उठाते हैं, तो उन्हें जेल की सलाखों के पीछे धकेल दिया जाता है। भोपाल स्न्नद्ध के पदाधिकारियों ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि कांति कुमारी और अन्य छात्र साथियों को जल्द से जल्द रिहा नहीं किया गया, तो यह आंदोलन केवल भोपाल या बिहार तक सीमित नहीं रहेगा, जिसकी शुरुआत आज ऐसे 5 के अखिल भारतीय नेतृत्व द्वारा पूरे देश के कोने कोने में प्रदर्शन कर शुरू कर दी गई है बल्कि और देश के विश्वविद्यालय और कॉलेज कैंपस में भी ले जाया जाएगा।

÷जेल की दीवारें और लाठियां छात्रों की आवाज को नहीं दबा सकतीं। बिहार सरकार का यह तानाशाही रवैया छात्र आंदोलन को और मजबूत करेगा। हमारी मांग स्पष्ट है– कांति कुमारी और सभी छात्र साथियों को तुरंत बिना शर्त रिहा किया जाए।÷ एसएफआई भोपाल इकाई इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से आम जनता, बुद्धिजीवियों और छात्र समुदाय से अपील करती है कि वे इस दमनकारी नीति के खिलाफ एकजुट हों और लोकतंत्र की रक्षा के लिए आगे आएं।

## अमरनाथ शिक्षण संस्थान में मना योग दिवस



मथुरा,

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अमरनाथ शिक्षण संस्थान की सभी इकाइयों में उत्साह पूर्वक योग दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर अमरनाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट की छात्राओं ने परियोजना अधिकारी डॉ निर्मल वर्मा के साथ सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में भाग लिया और जीवन में नियमित योग अभ्यास के महत्व के बारे में तथा अष्टांग योग के अंगों के बारे में जाना। इस अवसर पर अमरनाथ अमरनाथ विद्या आश्रम के छात्रों ने प्रशिक्षक असलम खान के नेतृत्व में स्विमिंग पूल में जल योग का अद्भुत प्रदर्शन किया। छात्र छात्राओं ने जल में ताड़ासन,मत्स्यासन, शवासन, त्रिकोणासन, पद्मासन, आदि योगासनों का प्रदर्शन किया।





योगाभ्यासी छात्रों की कुशलता देखते ही बनती थी।

कैप्टन डॉ मनोरमा कौशिक के नेतृत्व में डिग्री कॉलेज की एन सी सी यूनिट की छात्राओं ने योगासनों का अभ्यास किया।

ग्रोइंगसोल के छात्रों ने निदेशिका सोनिका शर्मा जी के नेतृत्व में सामूहिक योग आसन अभ्यास किया। योग कार्यक्रम का संयोजन डॉ मांडवी राठौर एवं उपेंद्र तिवारी ने किया।

## 12वा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया

पत्रकार बीआर अहिरवार
नर्मदापुरम।।

12वा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम 21 जून 20 26 सामूहिक योगाभ्यास में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा महाविद्यालय नर्मदापुरम के प्राचार्य डॉक्टर रामकुमार चौकसे जी के मार्गदर्शन में डॉक्टर इरा वर्मा के नेतृत्व में योग समिति के सदस्य श्री शाहिद खान श्री नितिन सोनी जी श्री स्क झा के निर्देशन में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने सेठानी घाट नर्मदा पुरम में आयोजित सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में भाग लिया कुमारी योगिता का हर रुचि शर्मा मोनिका चौक से एकता नेहा पलक प्राची यादव कविता





राजकुमारी मनोज अमन उत्तम केवट नितेश राहुल मनीष आशीष शिवानी प्रांजल इत्यादि विद्यार्थियों ने भाग लिया

दू सौ करोड़ के दान के चोरी,
जांच मा सच हा बाहिर आगे।
दोसी कोनो नइ हे कहत हे,
तब दू सौ करोड़ ला कोन हा
खागे।।
डाकू मन हा डाका डार के,
जब खुद करही मामला के जांच।
फाइनल रिपोर्ट तो इहीच आना हे,
अब झन लगाओ जी तीन-पांच।।
लक्ष्मी नारायण कुम्भकार सचेत
दुर्ग (छ0ग0)



चढ़ावा चोरी की प्रारंभिक जांच पूरी, कोई दोषी नहीं?

SIT लखनऊ लौटी, जल्द सौंपेगी रिपोर्ट

■ NBT न्यूज, अयोध्या: राम मंदिर में चढ़ावा चोरी के आरोपों की जांच कर रही एसआईटी ने प्रारंभिक जांच पूरी कर ली है। जांच रिपोर्ट में 14 लोगों के लिखित बयान हैं। इनमें मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, वरिष्ठ ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र और प्रबंधन का कार्य देख रहे गोपाल राव व अन्य कर्मचारी हैं। सूत्रों के मुताबिक रिपोर्ट में किसी को दोषी करार नहीं दिया गया है। अभी व्यवस्था में मिली खामियों का उल्लेख है। रिपोर्ट के मुताबिक आरोपित लोगों के बयान कागजी दस्तावेज से मेल खाते नहीं मिले हैं।

लखनऊ के मंडलायुक्त के नेतृत्व में बनी तीन सदस्यीय जांच टीम शनिवार को

14 लोगों के बयान हैं रिपोर्ट में, अभी सिर्फ खामियों का उल्लेख

ट्रस्टी नही फिर भी मंदिर का प्रबंधन

# ऐतिहासिक जनसैलाब के साथ कांग्रेस का नगर पालिका घेराव बढ़े हुए टैक्स, भ्रष्टाचार और बदहाल व्यवस्थाओं के खिलाफ फूटा जनआक्रोश

हरदा

हरदा, 25 जून। नगर की बदहाल व्यवस्थाओं, बढ़े हुए करों, भ्रष्टाचार, पेयजल संकट, सफाई व्यवस्था की विफलता तथा जनता की लगातार उपेक्षा के विरोध में कांग्रेस द्वारा आयोजित जन आक्रोश आंदोलन एवं नगर पालिका घेराव में गुरुवार को अभूतपूर्व जनसैलाब उमड़ पड़ा। नगर के इतिहास में लंबे समय बाद इतने बड़े जनसमर्थन के साथ आयोजित इस आंदोलन ने स्पष्ट कर दिया कि हरदा की जनता अब अपनी समस्याओं को लेकर चुप बैठने वाली नहीं है। नारायण टॉकीज चौराहे से प्रारंभ हुई विशाल जनआक्रोश रैली नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई नगर पालिका कार्यालय पहुंची। पूरे मार्ग में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों ने भाजपा शासित नगर पालिका परिषद के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए नगर की समस्याओं पर अपना आक्रोश व्यक्त किया। नगर पालिका कार्यालय के बाहर बड़ी संख्या में एकत्रित जनसमूह ने प्रशासन को जनता की आवाज सुनने के लिए मजबूर कर दिया। आंदोलन के दौरान कांग्रेस ने नगर पालिका की नाकामियों को अनोखे और प्रतीकात्मक तरीकों से उजागर किया। महिला पार्षदों द्वारा बिना पानी के आटा गूंधकर नगर में व्याप्त पेयजल संकट को प्रदर्शित किया गया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जब लोगों को पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं होगा तो उनका दैनिक जीवन कैसे संचालित होगा। वहीं नेता प्रतिपक्ष अमर रोचलानी एवं वरिष्ठ पार्षद आहद खान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सीटी बजाकर नगर पालिका प्रशासन को जगाने का प्रयास किया। कांग्रेस का आरोप था कि नगर प्रशासन जनता की समस्याओं को लेकर गहरी नींद में सोया हुआ है और आम नागरिकों की परेशानियों की लगातार अनदेखी कर रहा है। आंदोलन का सबसे आकर्षक प्रदर्शन तब देखने को मिला जब विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने, नेता प्रतिपक्ष अमर रोचलानी एवं महिला पार्षदों ने दूरबीन लेकर शहर में विकास खोजने का प्रतीकात्मक प्रयास किया। कांग्रेस नेताओं ने व्यंग्यात्मक अंदाज में कहा कि दूरबीन से भी विकास दिखाई नहीं दिया, लेकिन भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी और अव्यवस्थाएं जरूर दिखाई दीं।








जनआक्रोश रैली में गोरिल्ला एवं टाटा बिच्छू के साथ भी प्रतीकात्मक विरोध प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस नेताओं ने नगर की वर्तमान स्थिति को ÷जंगलराज÷ की संज्ञा देते हुए आरोप लगाया कि नगर में जनहित की बजाय मनमानी और अव्यवस्था का माहौल बना हुआ है। नेता प्रतिपक्ष अमर रोचलानी ने नल कर को 75 रुपये से बढ़ाकर 200 रुपये किए जाने तथा संपत्ति कर में की गई भारी वृद्धि को जनता पर अन्यायपूर्ण आर्थिक बोझ बताते हुए तत्काल वापस लेने की मांग की। उन्होंने कहा कि भाजपा परिषद जनता पर टैक्स का बोझ बढ़ाने में लगी है, जबकि मूलभूत सुविधाएं लगातार बदहाल होती जा रही हैं। विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने ने कहा कि बरसात के मौसम में चलाया जा रहा अतिक्रमण हटाओ अभियान गरीब एवं कमजोर वर्गों के लिए परेशानी का कारण बन रहा है। उन्होंने इस अभियान पर तत्काल रोक लगाने तथा मानवीय दृष्टिकोण अपनाने की मांग की। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने नवागत मुख्य नगर पालिका अधिकारी को 16 सूत्रीय मांगपत्र सौंपा, जिसमें बढ़े हुए कर वापस लेने, स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने, सफाई व्यवस्था सुधारने, अवैध कॉलोनियों के नियमितीकरण, पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने, पट्टा वितरण सहित नगर की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की गई। युवा कांग्रेस अध्यक्ष योगेश चौहान ने कहा कि नगर में पेयजल संकट लगातार गहराता जा रहा है। वहीं बिना पर्याप्त जानकारी और सहमति के स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, जिससे जनता परेशान है। कांग्रेस इन जनहित के मुद्दों पर संघर्ष जारी रखेगी। आंदोलन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन साई, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद व्यास महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रमिला ठाकुर, पूर्व जिला अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पवार,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष हेमंत टाले सुरेंद्र जैन, नगर पालिका के कांग्रेस पार्षदों में सुप्रिया पटेल, बबीता सोनकर, शिवरात्री गीते, प्रीति चौहान, अक्षय उपरीत, संजय दशोरे, जेबुन्निसा पटेल एवं मुकेश पाराशर सहित संजय जैन, मुन्ना पटेल, संदीप गौर, सुनील गीते, रमेश सोनकर, शकील भाई, संजय सैनी, धर्मेंद्र चौहान, धर्मेंद्र शिंदे, कृष्णा बिश्नोई, अनिल बिश्नोई, मुजाहिद अली, पिंकू जायसवाल, गोरेलाल सिसोदिया, संजय पांडेय,वरिष्ठ पार्षद अहद खान, आदित्य गार्गव, महमूद कुरैशी, सूरज राजपूत, रविशंकर शर्मा, ड्यूटी विजय सिंह सुरमा सतीश राजपूत अजय राजपूत सोनम पाल पूजा डोंगरे अनिल सुरमा, सुरेंद्र पटेल सहित कांग्रेस के अनेक वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आंदोलन में सैकड़ो महिलाओं, युवाओं, वरिष्ठ नागरिकों तथा नगर के विभिन्न वार्डो से आए नागरिकों की बड़ी भागीदारी रही। उमड़े जनसैलाब ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि हरदा की जनता बढ़े हुए टैक्स, भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी, पेयजल संकट और नगर पालिका की जनविरोधी कार्यप्रणाली के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष करने के लिए तैयार है।

कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि जनता की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी नगर पालिका प्रशासन एवं भाजपा परिषद की होगी।

# कटनी में पासपोर्ट सेवा केंद्र माननीय हाईकोर्ट सख्त केंद्र को नोटिस जारी

कटनी

कटनी जिले में पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केंद्र की स्थापना की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका ङ्कक्क 24323/2025 पर माननीय मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने गंभीर रुख अपनाते हुए केंद्र सरकार से एक सप्ताह के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश की पीठ ने सुनवाई के दौरान स्पष्ट किया कि मामले में विलंब स्वीकार्य नहीं है तथा संबंधित विभाग निर्धारित समयावधि में अपना जवाब न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करें।

क्यो है पासपोर्ट सेवा केंद्र आवश्यक यह जनहित याचिका कटनी के समाजसेवी दिव्यांशु मिश्रा द्वारा कटनी निवासी अधिवक्ता योगेश सोनी एवं अधिवक्ता आर्यन उरमलिया के माध्यम से प्रस्तुत की गई है।याचिका में कहा गया है कि कटनी प्रदेश का एक प्रमुख औद्योगिक,खनिज एवं व्यापारिक जिला होने के साथ-साथ देश का महत्वपूर्ण रेलवे जंक्शन भी है।इसके बावजूद जिले में आज तक पासपोर्ट सेवा केंद्र अथवा पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केंद्र स्थापित नहीं किया गया है, जिसके कारण जिले के हजारों नागरिकों को पासपोर्ट संबंधी कार्यों के लिए जबलपुर, सतना अथवा अन्य जिलों की यात्रा करनी पड़ती है। युवाओं को एवं हर वर्ग को होगा लाभ याचिका में यह भी उल्लेख किया गया कि इस स्थिति से विशेष रूप से छात्र-छात्राओं,विदेश में रोजगार के इच्छुक युवाओं, वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को अत्यधिक आर्थिक एवं मानसिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।यह स्थिति समान रूप से शासकीय सेवाओं की उपलब्धता के संवैधानिक सिद्धांतों के भी विपरीत है।

क्षेत्रीय सांसद ने भी लिखा था पत्र,पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं याचिका में यह तथ्य भी न्यायालय के समक्ष रखा गया कि इस संबंध में पूर्व में केंद्र सरकार को विस्तृत अभ्यावेदन प्रस्तुत किया जा चुका है।साथ ही क्षेत्र के सांसद द्वारा भी विदेश मंत्रालय को कटनी में पासपोर्ट सेवा केंद्र स्थापित किए जाने हेतु पत्र लिखकर मांग की गई थी,किन्तु अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। सुनवाई के दौरान माननीय कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश की पीठ ने केंद्र सरकार से मामले पर विस्तृत जवाब प्रस्तुत करने का अंतिम अवसर देते हुए एक सप्ताह के भीतर प्रत्युत्तर दाखिल करने के निर्देश दिए। अब इस जनहित याचिका की अगली सुनवाई केंद्र सरकार का जवाब प्राप्त होने के पश्चात की जाएगी।

याचिकाकर्ता दिव्यांशु मिश्रा अंशु का कहना है कि कटनी जैसे तेजी से विकसित हो रहे घनी आबादी वाले जिले में पासपोर्ट सेवा केंद्र की स्थापना समय की आवश्यकता है।

# जब कलेक्टर बने 'गुरुजी' छात्रों के बताया शिक्षा का महत्व प्रतिदिन स्कूल आने, मन लगाकर पढ़ने की दी सीख

## स्कूल चलें हम अभियान' जिले के 100 से अधिक अधिकारी प्रेरक की भूमिका

कटनी

कटनी ( 25 जून) - व्यस्ततम शासकीय जिम्मेदारियों के बीच गुरुवार का दिन कुछ अलग था। फाइलों और बैठकों से निकलकर कलेक्टर श्री आशीष तिवारी जब शासकीय माध्यमिक शाला रॉबर्ट लाइन, माधवनगर पहुंचे तो विद्यालय परिसर में एक आत्मीय और प्रेरणादायी माहौल बन गया। छात्रों के बीच पहुंचे कलेक्टर ने अधिकारी नहीं, बल्कि एक शिक्षक और मार्गदर्शक की भूमिका निभाई। बच्चों के साथ बैठकर उन्होंने पढ़ाया, बातें कीं, हंसे और उनके सपनों को नई दिशा दी। 'स्कूल चलें हम अभियान' के अंतर्गत आयोजित शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में कलेक्टर श्री तिवारी ने विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद करते हुए पूछा– ÷बड़े होकर आप क्या बनना चाहते हैं?÷ इस सवाल पर किसी ने सैनिक बनकर देश की सेवा करने की इच्छा जताई, तो किसी ने डॉक्टर, शिक्षक, इंजीनियर और पुलिस अधिकारी बनने का सपना साझा किया। छात्रों की आंखों में चमकते सपनों को देखकर कलेक्टर ने कहा कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और निरंतर अध्ययन ही हर सपने को साकार करने का सबसे मजबूत आधार है। कक्षा में संवाद का सिलसिला आगे बढ़ा तो कलेक्टर ने छात्रों से पुलिस और सेना के दायित्वों के बारे में पूछा। विद्यार्थियों ने पूरे आत्मविश्वास के साथ जवाब दिए। छात्रों की समझ और उत्साह को देखकर कलेक्टर ने उनकी सराहना की और उन्हें सदैव जिज्ञासु बने रहने का संदेश दिया। शिक्षा को रोचक बनाने के लिए कलेक्टर श्री तिवारी





ने मौसमों की चर्चा की और बड़ी सहजता से लीप वर्ष की अवधारणा समझाई। विज्ञान के जटिल विषय को सरल उदाहरणों के माध्यम से समझाते हुए उन्होंने छात्रों के मन में सीखने की नई उत्सुकता जगा दी। जब छात्रों से उनकी पसंदीदा ऋतु पूछी गई तो अधिकांश ने मुस्कुराते हुए सर्दी का मौसम पसंद बताया। सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को कलेक्टर ने चॉकलेट, पेन, पेंसिल, कॉपियां, स्केल और रबर वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। उपहार पाकर छात्रों के चेहरे खिल उठे। कलेक्टर ने सभी विद्यार्थियों को नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने माता-पिता एवं शिक्षकों का सम्मान करने की सीख भी दी।

# निर्जला एकादशी पर पर्यावरण संरक्षण एवं गौसेवा का संदेश




**विदिशा।** विदिशा निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर शिक्षा विभाग की गौसेवा एवं पर्यावरण संरक्षण सेवा समिति के नोडल अधिकारी, राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षक, उत्कृष्ट विद्यालय के अकादमिक प्रभारी, स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर तथा पश्चिम मध्य रेलवे स्टेशन समिति विदिशा के सदस्य एवं समाजसेवी विजय कुमार श्रीवास्तव ने पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन एवं गौसेवा का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक वृक्ष अवश्य लगाना चाहिए तथा उसका पालन-पोषण परिवार के सदस्य और बच्चे की तरह करना चाहिए। उन्होंने ÷एक वृक्ष माँ के नाम÷ अभियान को अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि यदि जल, पर्यावरण और आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित रखना है तो वृक्षारोपण और उसका संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ÷जल है तो कल है÷ और प्रदूषण मुक्त, हरित एवं स्वच्छ शहर के निर्माण के लिए सभी को आगे आना होगा। साथ ही नदियों एवं प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का भी संदेश दिया। निर्जला एकादशी के अवसर पर गौमाता को गौ-ग्रास अर्पित कर गौसेवा की गई तथा समाज में पर्यावरण एवं जीव संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर पश्चिम मध्य रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य कमलेश सेन ने सभी नागरिकों को निर्जला एकादशी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पुण्य पर्व सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि एवं मंगल लेकर आए तथा परिवारों के दुःख-कष्ट दूर हों।

# राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्य प्रदेश के आदेश के पालन में सीएमएचओ शिवपुरी ने सत्येंद्र बमनिया संविदा सीएचओ से कार्य संपादित नहीं करने तथा किसी प्रकार का मानदेय नहीं देने के निर्देश दिए

**ग्वालियर**

शिवपुरी मध्य प्रदेश 20 जून 2026। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्य प्रदेश भोपाल के आदेश क्रमांक एनएचएम / एच आर / सी - 1 / 2026 / ई - 4475 43 / 815 भोपाल दिनांक 08 - 04 - 2026 के पालन में सीएमएचओ शिवपुरी संजय ऋषेश्वर द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्य प्रदेश भोपाल के आदेश के पालन में सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय शिवपुरी, बीएमओ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करेरा, को निर्देश दिए हैं कि डॉ सत्येंद्र कुमार बमनिया संविदा सी एच ओ उप स्वास्थ्य केंद्र सिनावद खुर्द खनियाधाना से किसी प्रकार का कार्य संपादित नहीं कराया जाए और नहीं किसी प्रकार का मानदेय का भुगतान किया जाए यदि संविदा नहीं बढ़ती है तो उनकी सेवा समाप्त है सत्येन्द्र से सिनावद खुर्द में किसी प्रकार का कार्य मई 2026 से नहीं लिया जा रहा है ज्ञात रहे की सत्येंद्र बमनिया और उनके परिवार के खिलाफ अधोपतंग की धाराओं के के साथ-साथ दहेज एक्ट और अन्य धाराओं में ग्वालियर में प्रकरण पंजीबद्ध है और



प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है तथा कई प्रकार की गंभीर शिकायत हैं सीएम हेल्पलाइन में भी इनके खिलाफ शिकायत दर्ज हैं एमडी राष्ट्रीय स्वास्थ्य स्वास्थ्य मिशन मध्य प्रदेश भोपाल ने इसी प्रकार के निर्देश दिए हैं की स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारियों के खिलाफ शिकायत है और न्यायालयीन प्रकरण विचाराधीन है तो ऐसे कर्मचारियों की संविदा नहीं बढ़ाई जाए और और नहीं


कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला शिवपुरी (म.प्र.)

इनसे किसी प्रकार का कार्य नहीं लिया जाए और ना ही इनको मानदेय का भुगतान किया जाए

# मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती जी स्मृति दिवस पर उमड़ा सैलाबः बीके कौशल्या दीदी के द्वारा जगदंबा दीदी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए हुई ज्ञान ध्यान की चर्चा

**विदिशा**



विदिशा प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के स्थानीय आश्रम में ब्रह्माकुमारीज़ की प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती जी का संपूर्ण दिवस (स्मृति दिवस) बेहद श्रद्धा और गरिमा के साथ मनाया गया। केंद्र संचालिका बीके कौशल्या दीदी के पावन सानिध्य में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए।

दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण से हुआ शुभारंभ

कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। इसके पश्चात मातेश्वरी जी के चित्र पर गुलाब की विशेष माला अर्पित कर भावभीनी पुष्पांजलि दी गई। आश्रम की नन्हीं कन्याओं ने मुख्य अतिथि लायन अरुण कुमार सोनी को तिलक लगाकर और गुलदस्ते भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया। इससे पूर्व, नगर पालिका की पूर्व अध्यक्ष दीदी ज्योति शाह ने कार्यक्रम की शुरुआत में ही पहुंचकर मातेश्वरी जी को पुष्पांजलि अर्पित की और अपनी शुभकामनाएं दीं।

%मम्मा के दिव्य स्वरूप और आध्यात्मिक जीवन पर प्रकाश

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, लायंस क्लब के पूर्व अध्यक्ष एवं अखिल भारतीय स्वर्णकार महासभा के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी लायन अरुण कुमार सोनी ने अपने संबोधन में मातेश्वरी जी (मम्मा) के जीवन के प्रेरक प्रसंग साझा किए। उन्होंने कहा−

मां जगदंबा की अध्यात्म के प्रति गहरी अंतर्मुखी दृष्टि के कारण ही उन्हें ओम राधे का नाम मिला था। उनकी प्रखर विद्वता के चलते वे सरस्वती कहलाईं। मम्मा के व्यक्तित्व में ऐसी दिव्य दृष्टि और मातृत्व था कि मात्र 14-15 वर्ष की अल्पायु में ही उनसे उम्र में काफी बड़े और सीनियर लोग भी उन्हें मां कहकर पुकारते थे। यहाँ तक कि उनकी लौकिक माता भी उन्हें माता कहकर ही संबोधित करती थीं।

उन्होंने मानव जीवन में सकारात्मक बदलाव के लिए आध्यात्मिक प्रभाव को बेहद जरूरी बताया।

गहराई से समझे मम्मा के महान कार्य

केंद्र संचालिका बीके कौशल्या दीदी ने बहुत ही विस्तार और गहराई के साथ मातेश्वरी जी के जीवन, उनके महान कार्यों और आध्यात्मिक उपलब्धियों के बारे में उपस्थित जनसमूह को समझाया। उन्होंने बताया कि मम्मा का जीवन हर कदम पर पवित्रता, धैर्य और त्याग की मिसाल था, जिससे प्रेरणा लेकर हम अपने जीवन को भी श्रेष्ठ बना सकते हैं।

ब्रह्मभोज और प्रसादी के साथ समापन

इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में अनीता दीदी सहित अन्य दीदियों और भाई जी लोगों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का कुशल मंच संचालन और उपस्थित सभी जनों का आभार व्यक्त भाई जी डॉ. जीवन लाल मालवीय द्वारा किया गया। कार्यक्रम के समापन पर सभी श्रद्धालुओं को पवित्र ब्रह्मभोज और प्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के भारी संख्या में महिला एवं पुरुष भाई-बहन उपस्थित रहे।

# जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन अंतर्गत उन्मुखीकरण सह प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न





**विदिशा**

विदिशा कलेक्टर महोदय के निर्देशन में आज जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन अंतर्गत उन्मुखीकरण सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जनसुनवाई कक्ष, विदिशा में किया गया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारियों, पर्यवेक्षकों एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों ने सहभागिता की। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती विनीता कांसवा द्वारा जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन के अंतर्गत संचालित गतिविधियों एवं विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मिशन वात्सल्य, लाड़ली लक्ष्मी योजना एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में श्री संतोष रघुवंशी द्वारा जोखिमग्रस्त बच्चों की वल्नरेबिलिटी मैपिंग सर्वे की प्रगति की जानकारी ली गई तथा सर्वे कार्य को शीघ्र पूर्ण करने हेतु सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि सर्वे के माध्यम से चिन्हित बच्चों को आवश्यक सेवाओं एवं योजनाओं से जोड़ना प्राथमिकता है। साथ ही जिला बाल संरक्षण इकाई के संरक्षण अधिकारी श्री अनुज जैन द्वारा स्पॉन्सरशिप योजना अंतर्गत पात्र बच्चों के नियमित फॉलोअप, प्रकरणों के समयबद्ध निराकरण एवं अधिक से अधिक पात्र बच्चों को योजना से जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं पात्र हितग्राहियों तक लाभ पहुंचाने संबंधी आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की योजनाओं संबंधी समझ को सुदृढ़ करना तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक प्रभावी रूप से पहुंचाना रहा।

# ग्राम पंचायत लखनौटी में भ्रष्टाचार की खुली पोल ग्रामीणों को तरसाया अपनो पर मेहबान पटले संग पाट रहे विकाश 20 मीटर में तान रहे दो दो पुलिया सरपंच पति की मनमानी सचिव को कर रहे मोहरे की तरह उपयोग अतिथि शिक्षक बना मेट दोनो तरफ से ले रहा भुगतान मेट के नाम पर अतिथि शिक्षक के परिजन हो रहे मालामाल

**कैलाश कुमार अहिरवार- सह संपादक (युवा प्रदेश)**

शहडोल - जनपद पंचायत जयसिंहनगर अंतर्गत ग्राम पंचायत लखनौटी में मुख्यकार्यपालन अधिकारी एवम उपयंत्री हेमेंद्र पटले के सह पर निर्माण कार्यों के नाम पर हो रहा भारी भ्रष्टाचार निर्माण कार्यो में व्यय हो गया संपूर्ण लागत राशि मगर निर्माण कार्य धरातल में आधे अधूरे सरपंच पति सहायक सचिव एवम उपयंत्री के तानाशाह रवैए के कारण शासकीय धन राशि का हो रहा बंदरबांट क्युकी बिगत 4 वर्षो से ग्राम पंचायत परिसर में शौचालय निर्माण कार्य के नाम पर सरपंच एवम तत्कालीन सचिव के द्वारा लागत राशि का संपूर्ण भुगतान आहरण कर लिया गया लेकिन वास्तविक स्थिति में आज भी उक्त निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है जिससे उक्त निर्माण कार्य की उपयोगिता आज भी चार दिवारी के अंदर कैद हो कर रह गई हाल ही में ग्राम पंचायत द्वारा ग्राम पंचायत परिसर की पुताई के नाम पर लाखों रुपए व्यय किया गया लेकिन अभी वारिश की महज चंद बूंद ही पड़ी है की ग्राम पंचायत द्वारा कराई गई पुताई के रंग में भंग पड़ कर धुल गया,

मिट्टी के बुनियाद पर हो रहा पुलिया निर्माण कार्य





ग्राम पंचायत क्षेत्र में अलग अलग स्थानों पर भारी भरकम राशि से पुलिया निमार्ण कार्य जारी है लेकिन दोनो निर्माण कार्यों की उपयोगिता शून्य है क्युकी 5 लाख रुपए की लागत राशि से दुवारी से मैरटोला पहुंच मार्ग पर अनुपयुक्त जगह पर निर्माण कार्य कराया जा रहा है एवम निर्माण कार्य में उपयुक्त रेत की जगह मिट्टी से ढलाई कराते हुए अमानक स्तर का गिट्टी उपयोग किया जा रहा है,वही खनिज प्रतिष्ठान मद से 12 लाख रुपए की लागत राशि से ठूठाटोला से लखनौटी पहुंच मार्ग पर निर्माण कार्य कराया जा रहा है जबकि उक्त निर्माणाधीन स्थल पर इतने भारी भरकम राशि से निर्माण कार्य कराए जाने लायक कोई औचित्य ही नहीं है,बावजूद निर्माण कार्यो के नाम पर सरपंच पति तथाकथित अतिथि शिक्षक एवं उपयंत्री अपनी अपनी जेब भरने के उद्देश्य मात्र से शासकीय धन राशि का अपव्यय किए जा रहे हैं एवम जनहित से जुड़े निर्माण कार्य आज भी राशि व्यय होने के बावजूद अधर में लटके हुए है जबकि भीषण गर्मी के बीच पंचायत वाशी आज भी बूंद बूंद पानी के लिए भटकते हुए दिख रहे हैं,

ग्रामीणों के घरों में पहुंचने से पूर्व ही सड़क पी जाती हैं नल जल द्वारा प्रदाय जल राशि

हाल ही में नल जल योजना के नाम पर भारी भरकम राशि से सम्पूर्ण ग्राम पंचायत में पाइप लाइन बिछाकर घर घर पेय जल मुहैया कराया जाना था लेकिन निर्माण एजेंसी द्वारा बेहद निम्न स्तर का निर्माण कार्य कराया जाकर संपूर्ण राशि आहरित कर लिया एवं पंचायत सूत्रों के मुताबिक उक्त नल जल योजना के अधिग्रहण के नाम पर सरपंच सचिव ने मोटी रकम लेकर उक्त योजना को ग्राम पंचायत के अधिपत्य में ले लिया गया लेकिन जगह जगह टूटी पाइप से न तो ग्रामीणों के घर तक पानी पहुंच पा रहा है शासन के द्वारा योजनाओं के नाम पर मिलने वाला धन राशि पड़ा कम तो ग्रामीणों को मिलने वाला पेय जल भी डकार गए सरपंच सचिव शासन की बेहद प्रभावी एवम मानवीय योजना भी सरपंच सचिव के भ्रष्ट कारनामों की वजह से दम तोड़ दिए द्य

### इनका क्या कहना है

शिवानी जैन मुख्यकार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जयसिंहनगर नलजल योजना द्वारा पेय जल की शिकायत के 3 माह बाद भी जारी है जांच

**बृजेंद्र सिंह सहायक यंत्री - जनपद पंचायत जयसिंहनगर**

मीटिंग में हू दिखवाता हू

हेमेंद्र पटले उपयंत्री - ग्राम पंचायत लखनौटी

रेत कही मिल नहीं रहा जो मिलेगा उसी से काम करना पड़ेगा

# अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर संदीपनि विद्यालय में खेल क्विज प्रतियोगिता आयोजित

**भोपाल, 23 जून।**

अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर शासकीय संदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गोविंदपुरा, भेल में खेलों के प्रति जागरूकता और ओलंपिक मूल्यों के प्रचार-प्रसार हेतु ओलंपिक खेल क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक श्री शैली शेख द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के लगभग 350 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान विद्यार्थियों से ओलंपिक खेलों के इतिहास, भारत के ओलंपिक पदक विजेताओं तथा विभिन्न खेलों से जुड़े प्रश्न पूछे गए, जिनका उन्होंने पूरे आत्मविश्वास के साथ उत्तर दिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भोपाल जिला ओलंपिक संघ की ओर से टी-शर्ट प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भोपाल जिला ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष श्री सुधीर नेमा ने की।

विद्यालय की प्राचार्य डॉ. पूनम अवस्थी ने विजेता एवं प्रतिभागी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि खेल केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए ही नहीं, बल्कि अनुशासन, धैर्य, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना के विकास के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित रूप से खेल गतिविधियों में भाग लेने का आह्वान किया।







कार्यक्रम में विद्यालय की उपप्राचार्य श्रीमती रेखा श्रीवास्तव एवं माध्यमिक विभाग की प्रधानाध्यापिका श्रीमती सीमा आर्या ने भी सहभागिता की। उन्होंने भोपाल जिला ओलंपिक संघ द्वारा विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए टी-शर्ट वितरण एवं खेल जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने पर आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाने के साथ-साथ ओलंपिक के आदर्शों एवं मूल्यों के प्रति जागरूकता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# सहारा हॉस्पिटल में 15 माह के बच्चे की श्वास नली में फंसे मूंगफली के दाने को ब्रंकोसी स्कोपी द्वारा निकाल कर जान बचाई द्य डॉ. ए. एस. भल्ला

**ग्वालियर 19 जून ।**



सहारा हॉस्पिटल महलगांव सिटी सेंटर ग्वालियर के फाउंडर वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. ए. एस. भल्ला नाक कान गला रोग विशेषज्ञ द्वारा आज दिनांक 19 जून 2026 को उत्तर प्रदेश ललितपुर के ताल वेहट से सहारा हॉस्पिटल में दोपहर 12ः00 बजे आये 15 माह के बच्चे माधव पुत्र अखिलेश की श्वास नली में तीन-चार दिन से फंसे मूंगफली के दाने को सहारा हॉस्पिटल की इमरजेंसी सेवा में तुरंत ऑपरेशन थिएटर में लेकर ब्रंकोसी स्कोपी द्वारा निकाला जिससे मरीज की जान बच सकी डॉ. ए. एस. भल्ला द्वारा बताया गया कि आमतौर पर देखा गया है कि बच्चो के पेरेंट्स उचित देखभाल नहीं करते इसलिए बच्चे उल्टी सीधी चीज मुंह में ले लेते हैं और यही स्थिति जानलेवा बन जाती है आज जिस बच्चे की श्वास नली से मूंगफली के दाने को सर्जरी कर निकाला है वह तीन दिन से झांसी के अस्पताल में भर्ती था वहीं से रेफर होकर सहारा हॉस्पिटल आया है जिससे बच्चे की जान बच सकी ढ्ढ डॉ. ए. एस. भल्ला द्वारा पेरन्टो से अपील की है कि बच्चों की उचित देखभाल करें ढ्ढ सहारा हॉस्पिटल 35 वर्षो से जटिल से जटिल सर्जरी के साथ-साथ गंभीर बीमारियों के सफल इलाज के लिये प्रसिद्ध है सहारा हॉस्पिटल मे एम.एल.सी सुविधा के साथ-साथ आयुष्मान योजना के अंतर्गत निशुल्क इलाज होता है तथा स्वास्थ्य बीमा के अंतर्गत कैशलेस इलाज की भी व्यवस्था है ढ्ढ हॉस्पिटल के में मरीजों एवं अटेंडर के लिए दोनों समय लंगर सुविधा उपलब्ध है ।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड, तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। **संपादक** : नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)